तापमान
अधिकतम 42.8 डिग्री
न्यूनतम 25.1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 9 अप्रैल 2025

10 मंत्री ने झाड़ू लगाकर की अभियान की शुरुआत...



12 नगर निगम की मीटिंग में बिना विरोध के 178 करोड़ का बजट पारित




## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी काका राम, कंवलजीत व गरीब दास को गिरफ्तार किया है। गगनहेड़ी के संदीप कुमार ने 7 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी काका राम, कंवलजीत, गरीब दास व अन्य ने उसके पिता से लड़ाई झगड़ा कर मारपीट करते हुए चोटे पहुंचाई हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### रिफाइनरी के इंजीनियर से एक लाख ठगे

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी में में कार्यरत सीनियर इंजीनियर असिस्टेंट जितेंद्र कुमार, साइबर ठगी का शिकार हो गया। सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में जितेंद्र कुमार ने बताया कि वह रिफाइनरी टाउनशिप मे रहता है और 26 जनवरी को उसके फोन पर एक कॉल आई। जिसने उसे कहा कि वह आईसीआईसीआई बैंक से बात कर रही है आपके बैंक के 1500 के रिवार्ड प्वाइंट चल रहे है, जिनको आप बैंक की एप्प डाउनलोड कर ले सकते हैं। इसके बाद उसने एक लिंक भेजा। जिस लिंक पर उसने अपनी सारी बैंक संबंधित जानकारी भर दी। इसके बाद उसे फोन पर रिवार्ड प्वाइंट दिखाने लगा। इसी दौरान उसके खाते से 99 हजार 999 रुपए डेबिट हो गए और महिला का फोन कट गया। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लापता युवती का शव नहर में मिला

**पानीपत।** दिल्ली पेरलल नहर में युवती का शव मिला है। मृतक युवती की पहचान 20 वर्षीय प्रीती निवासी गांव काबड़ी जिला पानीपत के के रूप में हुई है। युवती का शव रविवार दोपहर बाद कश्यप कॉलोनी के पीछे नहर से बरामद हुआ था। वहीं, परिजनों ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि उनकी बेटी कॉलेज में बीए स्टूडेंट थी। जोकि सेकेंड ईयर की छात्रा थी। युवती के हाल ही में परीक्षा परिणाम आए थे। जिनमें एक परीक्षा में वह फेल हो गई थी। जिससे वह परेशान थी। इन्हीं परेशानियों के चलते वह रविवार दिन में वह घर से निकल गई थी। तब से वह लापता थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पेंशनर्स वेलफेयर यूनिट ने किया मांगों पर मंथन

**जींद।** मंगलवार को जाट धर्मशाला में पेंशनर्स वेलफेयर यूनिट की बैठक में लंबित मांगो को लेकर मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नरेंद्र गुप्ता और महेंद्र जागलान ने संयुक्त रूप से की। मंच का संचालन धर्मबीर सैनी ने किया। इस अवसार पर नरेंद्र गुप्ता और महेंद्र जागलान ने बताया कि पैंशनर्स की मुख्य मांगों में कोरोना काल का 18 मास का वेतन देना, कोमोटेशन की राशि पैंशनर्स की बारह वर्ष से अधिक काटी जा चुकी है।

## विदेश भेजने के नाम पर युवक से ठग लिए 14 लाख रुपये

# फर्जी वीजा तैयार करने का आरोपी काबू वीजा तैयार करने वाले उपकरण जब्त

### पैसे लेने के बाद फर्जी वीजा देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने युवाओं को फर्जी वीजा के जरिए ठगने वाले एक गिरोह में शामिल युवक को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वे उपकरण भी जब्त किए जिनके जरिए फर्जी वीजा तैयार किए थे।

एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि थाना अंबाला छावनी में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने पंजाब के गुरदासपुर गांव के हबीबपुर के आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार किया था। इसके बाद आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया गया था।



**अंबाला।** फर्जी वीजा तैयार करने का आरोपी पुलिस हिरासत में।

पुलिस के मुताबिक आरोपी अजय मुख्य आरोपी के साथ मिलकर फर्जी स्टीकर के जरिए वीजा तैयार करता था। पुलिस ने आरोपी से 2 मोबाइल, 3 पासपोर्ट, 1 पैनकार्ड, चेकबुक, पासपोर्ट कवर, कलरफुल पेपर पैकेट, सिल्वर प्लास्टिक शीट पैकेट, फोटो शीट पेपर, ट्रांसपेरट स्टीकर 1 पैकेट, कलरफुल लेमिनेशन टेप, रियेक्टिव फाइल, सर्कट टूल किट, रूपए मेट्रो कार्ड, थिंक पैड लैपटॉप, होलोग्राम सिल्वर शीट पैकेट, होलोग्राम डिलायल कटर मशीन (प्रोजेक्टर) भी बरामद किया है। दरअसल अंबाला छावनी के कच्चा बाजार के रहने वाले तरूण ने 9 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 3 जुलाई 2024 से 21 अक्तूबर 2024 के दौरान आरोपी अजय कुमार व अन्य ने विदेश भेजने के मामले में उससे 14 लाख 10 हजार रूपये की की धोखाधड़ी की थी।

**चार आरोपियों के खिलाफ केस**

### दंपत्ति व बच्चों को कनाडा भेजने के नाम पर हड़पे 6.95 छह लाख रुपये

**यमुनानगर।** दंपती व बच्चों को कनाडा भेजने के नाम पर छह लाख 95 हजार रुपये ठग लिए गए। आरोप रिचमांड कंसलटेंट कंपनी के प्रोपराइटर समेत चार लोगों पर लगा है। विकास नगर निवासी सतपाल शर्मा ने बताया कि उसका बेटा प्रदीप शर्मा, पुत्रवधू रंजना शर्मा अपने बेटे चिराग व बेटी आहना के साथ काम करने की इच्छा से कनाडा जाना चाहते थे। इस दौरान उसे फेसबुक पर एक विज्ञापन से पता चला कि मोहाली के सेक्टर 60 स्थित रिचमांड कंसलटेंट कंपनी लोगों को विदेश भेजने का काम करती है। एक मार्च 2023 को वह कंपनी के दफ्तर में गया। जहां उसकी मुलाकात कंपनी के अमनदीप सिंह, करण रांगडा, सतबीर सिंह गुरु व पूजा से हुई। आरोपियों ने उसके बेटे प्रदीप व पुत्रवधू रंजना को वर्क परमिट पर कनाडा भेजने का आश्वासन दिया। इसके लिए आरोपियों ने 15 लाख रुपये का खर्च बताया। तीन लाख रुपये पहले और बाकी वीजा लगने के समय देने की बात कही। आरोपियों पर विश्वास करके उन्होंने तीन लाख रुपये व दस्तावेज आरोपियों को दे दिए। आरोपियों ने दो माह बाद वीजा लगने का आश्वासन दिया। कुछ दिन बाद आरोपी कांसापुर रोड स्थित उसके बड़े बेटे राकेश शर्मा की दुकान पर आए। जहां आरोपियों ने उन्हें कहा कि उनके बेटे, पुत्रवधू व उनके बच्चों की फाइल तैयार हो गई है। इसके बाद आरोपियों ने मेडिकल, बायोमेट्रिक व अन्य औपचारिकताएं पूरी करने के नाम पर उनसे तीन लाख 95 हजार रुपये और ले लिए, लेकिन काफी समय बीतने पर भी आरोपियों ने उन्हें कनाडा नहीं भेजा। जब उन्होंने आरोपियों से अपने रुपये वापस मांगे तो वह उनसे अभद्रता करने लगे और रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस को दी।

# फसल खरीद में किसानों को न आए कोई परेशानी: आनंद



हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने मंगलवार को करनाल अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गेट पास सिस्टम, फसल खरीद का जायजा लिया और किसान व आढ़तियों से बातचीत की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि फसल खरीद में अन्नदाता को किसी तरह की कोई परेशानी न आने दी जाए। अधिकारियों की लापरवाही कतई बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस दौरान करनाल की मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता मौजूद रहे।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि सभी का पेट भरने वाले अन्नदाता व धरतीपुत्र किसान को फसल विक्रय के समय मंडी मे किसी भी अव्यवस्था का सामना ना करना पड़े। सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर फसल खरीद सुनिश्चित हो, यह भी अधिकारीयों की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस सम्बन्ध मे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी अधिकारियो को स्पष्ट निर्देश दिए है, इन आदेशों की अनुपालना अधिकारियो का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल का दाना-दाना खरीदने की व्यवस्था सरकार ने की है।

**सुचारू हो खरीद : मेयर**

करनाल की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि मंडी में फसल खरीद का सीजन है। गेहूं और सरसों की फसल बड़ी मात्रा में मंडी में आ रही है। ऐसे में फसल खरीद का कार्य सुचारू रूप से चलना चाहिए। अधिकारी अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें और किसान को किसी तरह की परेशानी न आने दे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर वे लोग निरंतर मंडियों का दौरा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के लिए बनी है, ऐसे में अधिकारी जनता के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें।

# अंतरजिला चोर गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

- चोरी की 132 वारदात करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

पानीपत पुलिस ने खेतों से ट्यूबवेल की तार, मोटर व अन्य उपकरण चोरी करने वाले अंतरजिला चोर गिरोह का भंडाफोड़ पर गिरोह के तीन आरोपियों को गुन सागर निवासी जमालपुर दरभंगा बिहार हाल किरायेदार आठ मरला, गुलबहार निवासी लडवा मुजफ्फरनगर यूपी हाल किरायेदार शास्त्री कॉलानी व साहिल निवासी सिसौली शामली यूपी हाल किरायेदार मनमोहन नगर बबैल रोड को गिरफ्तार किया है।

इधर, पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में बताया कि सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय की टीम ने पानीपत के विभिन्न थाना क्षेत्र के अंतर्गत खेतों से ट्यूबवेल की तार, मोटर व अन्य उपकरण चोरी करने की 72 वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा। इसके साथ ही आरोपियों ने जिला करनाल व कुरूक्षेत्र में 60 से अधिक वारदातों का अंजाम देने बारे स्वीकारा है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने पानीपत की 72 वारदातों में थाना इसराना की 39, थाना समालखा की 22, थाना मतलौडा की 6, थाना सदर की 3 व थाना सनौली की 2 वारदातों का खुलासा हुआ है।

### 2022 से लगे चोरी में

आरोपी सन 2022 से चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर सात दिन के रिमांड पर लिया है, ताकि इनके फरार साथियों को भी पकडा जा सके।

# कचरा प्रबंधन को लेकर ग्राम सचिव को दिया प्रशिक्षण

- स्वच्छ भारत मिशन के तहत कुंजपुरा खंड में दी ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

स्वच्छ भारत मिशन के तहत कुंजपुरा खंड समन्वयक पूर्ण चंद सैनी ने बताया कि जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार के मार्गदर्शन में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मोनिका चौधरी द्वारा मंगलवार को खंड कुंजपुरा के समस्त ग्राम सचिव व कनिष्ठ अभियंताओं को स्वच्छ भारत मिशन के स्वीकृत विकास कार्य संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।



प्रशिक्षण के दौरान मोनिका चौधरी ने बताया कि प्रत्येक गांव में घर-घर से कचरा उठाने के लिए उचित प्रबंध होना चाहिए और कूड़े को सुनिश्चित ढंग से निपटाया जाना चाहिए। जहां पर कचरा शेड नहीं बना हुआ है, उसे ग्राम पंचायत में कंपोस्ट पिट का निर्माण करवाने के लिए ट्रेनिंग दी गई। इसी प्रकार गांव में अगर कहीं पर गंदा पानी खड़ा है तो उसके लिए मैजिक पिट बनाने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक राजकुमार संधू द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन और

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर ग्राम सचिव सुभाष चंद्र, मिथुन, मोनू, प्रोवाइडर राणा, संजय दांगी, अमन, दीपक, रमेश, अमित चौधरी, सचिन, आकाश, रवि, रमेश, सागर वर्मा, प्रवीण, आशु कनिष्ठ अभियंता नितिन यादव, लवप्रीत वीरेंद्र धीमान इत्यादि उपस्थित रहे।

# बीज विक्रेता बोले, इस कानून से परेशान किया जाएगा

- सीड्स व पेस्टीसाइड्स एक्ट के विरोध में दूसरे दिन भी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

हरियाणा सरकार द्वारा लागू सीड्स व पेस्टीसाइड्स एक्ट 2025 के विरोध में प्रदेशभर के बीज, पेस्टीसाइड व खाद विक्रेता दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। दुकानें बंद रहने से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। फर्टिलाइजर, पेस्टीसाइड एवं सीड ट्रेडर्ज एसोसिएशन की ओर से कहा गया कि किसानों को होने वाली परेशानियों के लिए सरकार जिम्मेवार है। विधानसभा में ऐसा एक्ट पारित किया गया, जो व्यापारियों के हित में कदापि नहीं हो सकता। मंगलवार को जिला करनाल फर्टिलाइजर, पेस्टीसाइड



एवं सीड ट्रेडर्ज एसोसिएशन की मीटिंग करनाल क्लब में जिला प्रधान रामकुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी और ब्लॉक अध्यक्ष भी मौजूद रहे। मीटिंग में कहा गया कि एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय कमेटी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिली थी। सीएम कार्यालय की ओर से कहा गया कि 14 अप्रैल के बाद इस मामले में बातचीत की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हिसार और यमुनानगर में रैली करेंगे। करनाल जिला प्रधान रामकुमार गुप्ता ने कहा कि हरियाणा सरकार के अनुसार अगर बेचे गए बीज की गुणवत्ता खराब पाई जाती है, तो विधेयक के तहत उत्पादक और विक्रेता दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में उत्पादक और विक्ेरता दोनों को 3 महीने से 3 साल तक की जेल और 50 हजार से 5 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा। इस संशोधन विधेयक में विक्रेता को भी उत्पादक के समान जिम्मेदार ठहराया गया है, जबकि विक्रेता का काम केवल बीज बेचना होता है। बीज की गुणवत्ता की जिम्मेवारी उत्पादक पर होती है। विक्रेताओं का कहना है कि इस कानून के तहत उन्हें बेवजह परेशान किया जाएगा, इससे उनके व्यापार पर बुरा असर पड़ेगा।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर महासचिव गुरमेज सिंह, कोषाध्यक्ष बृजजलाल गर्ग, नीलोखेड़ी ब्लाक प्रधान देवेंद्र चौहान, घरौंडा प्रधान सुशील गर्ग, इंद्री प्रधान रमन कुमार, निसिंग प्रधान विनोद गोयल, करनाल प्रधान विकास बंसल, असंध प्रधान महेंद्र गोयल राधेश्याम राणा, पवन अग्रवाल, गोपीचंद आर्य, पवित्र सिंह, अशोक गुप्ता, प्रवीण शर्मा, नवीन गुप्ता व सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# रेलवे में नौकरी दिलवाने के नाम पर युवक से हड़पे10 लाख रुपये

- पुलिस ने किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

रेलवे में नौकरी दिलवाने के नाम पर दशमेश कॉलोनी निवासी प्रकाश से 10 लाख रुपये हड़प लिए गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

प्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश में घूम रहा था। इस दौरान उसकी मुलाकात हीरा सिंह के साथ हुई। आरोपी ने उसे बताया कि उसकी रेलवे में बड़े अधिकारियों के साथ जान पहचान है। वह उसे रेलवे में नौकरी लगवा देगा। उसने आरोपी पर विश्वास करके हां कर दी। इसके बाद आरोपी ने उसे नौकरी दिलवाने के नाम पर 10 लाख रुपये का खर्च आने की बात कही। उसने आरोपी को 10 लाख रुपये व अपने दस्तावेज दे दिए। इसके बाद आरोपी ने उसे अपाइंटमेंट लेटर दे दिया। जब उसने लेटर की जांच करवाई तो वह फर्जी मिला। उसने इस बारे आरोपी से बात की मगर उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। जब उसने आरोपी से पैसे वापस मांगे तो उसने पैसे देने से मना कर दिया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### पत्नी के पोर्न वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर डाले

**पानीपत।** नशे के लिए कोई व्यक्ति किस कद्र गिर सकता है इसका एक ज्वलंत उदाहरण यहां पानीपत में देखने को मिला। पानीपत की एक कॉलोनी में नशे के आदी पति ने पैसों के लिए पत्नी पर अपने दोस्तों के साथ सोने का दबाब डाला। इतना ही नहीं, उसने महिला के नाम की फेक आईडी बनाकर उस पर पोर्न वीडियो डाले। आरोपी पति ने कहा कि उसे सिर्फ पैसा चाहिए, वह कैसे भी लाकर दे। 5 साल उत्पीड़न करने के बाद आरोपी पति ने महिला को बेटी संग घर से बाहर निकाल दिया। मामले की शिकायत महिला ने पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जिले के 136 गांवों मे एक भी रोगी नहीं, 267 गांवों के लिए रोड मैप किया तैयार

# देश का पहला टीबी मुक्त जिला बनेगा कुरुक्षेत्र : उपायुक्त

- स्वास्थ्य विभाग ने 24 ग्राम पंचायतों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अथक प्रयासों से कुरुक्षेत्र देश का पहला टीबी मुक्त जिला बनेगा। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब तक कुरुक्षेत्र के 136 गांवों को टीबी मुक्त बनाया जा चुका है और शेष 267 गांव को टीबी मुक्त बनाने के लिए रोड मैप तैयार कर लिया गया है। इन गांव में लोगों के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग करने का काम जल्द शुरू कर दिया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा की तरफ से एक कदम



**कुरुक्षेत्र।** सिल्वर ट्रॉफी देकर सम्मानित करती उपायुक्त नेहा सिंह।

टीबी भारत की ओर टीबी मुक्त पंचायत सम्मान समारोह व टीबी फोरम की बैठक में बोल रही थीं। इससे पहले सीएमओ डा. सुखबीर सिंह व डिप्टी सीएमओ डा. संदीप अग्रवाल ने पावर प्रेजेंटेशन के जरिए कुरुक्षेत्र टीबी मुक्त अभियान के बारे में आंकड़ों सहित रिपोर्ट प्रस्तुत की और वर्ष 2025 में कुरुक्षेत्र को देश का पहला टीबी मुक्त जिला बनाने के रोड मैप को प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने कहा कि वर्ष 2023 में 33 ग्राम पंचायतें और वर्ष 2024 में 136 गाम पंचायतें टीबी मुक्त पंचायतें हुई हैं। प्रत्येक पंचायत में 1000 की आबादी पर 30 लोगों के सैंपल लिए गए। गांव की आबादी के हिसाब से प्रति हजार पर एक मरीज से कम की संख्या वाली पंचायत को टीबी मुक्त घोषित किया जाता है। जिले में करीब 6 टीबी यूनिट,14 डीएमसी यूनिट काम कर रही हैं। उपायुक्त ने कहा कि खंड पंचायत एवं विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की पंचायतों में मुखिया को जागरूक करे। जो गांव में किसी भी व्यक्ति के अंदर टीबी के बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम से सैम्पल करवाएं। खंड शिक्षा अधिकारी सभी स्कूलों में बच्चों को बीमारियों के लक्षण से अवगत करवाएं ताकि वे खुद को और अपने परिवार को जागरूक कर सके।

**समय पर इलाज से टीबी का नियंत्रण संभव**

जिला टीबी एवं अक्षय रोग अधिकारी डा. संदीप अग्रवाल ने बताया कि टीबी एक गंभीर बीमारी है जो व्यक्ति की उम्र, स्वास्थ्य और रोग की गंभीरता पर निर्भर करती है। टीबी का सबसे आम लक्षण 2 सप्ताह से ज्यादा खांसी रहना है। इसके अलावा बुखार आना, मरीज का वजन कम होना, थकान और कमजोरी महसूस होना, सोते समय पसीना आना, सांस लेने में कठिनाई महसूस करना और छाती में दर्द रहना शामिल है। इस तरह के किसी भी लक्षण के नजर आने पर उनको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसा होने पर तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करे, शीघ्र इलाज होने पर टीबी बीमारी का नियंत्रण संभव है। उन्होंने कहा कि एक टीबी का मरीज एक साल में अपने आस-पास सम्पर्क में आने वाले 30 लोगों को संक्रमित करता है, इसलिए टीबी की बीमारी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

**इन पंचायतों को किया सम्मानित**

उपायुक्त नेहा सिंह ने दूसरे साल में लगातार दूसरी बार टीबी मुक्त की श्रेणी सिल्वर ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया गया। इनमें गांव खानपुर रोडान, खिजरपुरा, रॉवगढ़, मुंडाखेडा, डेरुमाजरा, शादीपुर, दीरपुर, मंदरनपुर, टूकर, तंगौली, मुकीमपुरा, बुड्ढा, जुलमत, नानकपुरा, चम्मू कलां, फतेहगढ चम्मू, सैनी माजरा, रायपुर, मलिकपुर, छोडपुर, भालड, खरकाली, पटामाजरा, जोगी माजरा की पंचायतें शामिल हैं।

# साइबर ठगी में चार गिरफ्तार, फर्जी चेक जब्त, ₹9.90 लाख भी फ्रीज

- फर्जी क्लोन चेक के जरिए एक व्यक्ति के खाते से बड़ी रकम साफ करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

पुलिस ने साइबर ठगों के नए गिरोह के चार सदस्यों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नौ लाख रुपये से ज्यादा की रकम भी जब्त की है। एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि साइबर क्राइम थाना में दर्ज साइबर फ्रॉड के मामले में 5 अप्रैल 2025 को पुलिस पटियाला के कबाड़ी पट्टी सामाना के रहने वाले सर्बजीत सिंह, मोहाली के लांडरा वासी कर्ण व हिमाचल प्रदेश के गांव डोबी के अमरिंद्र सिंह को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को 3 दिन के रिमांड पर लिया था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों का एक बैंक खाता फ्रीज करवा दिया जिसमें 9 लाख 90 हजार रूपये जमा हैं। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल से 5 फर्जी चेक व अन्य फर्जी दस्तावेज भी बरामद किए हैं। गांव सौंटी के रोशन लाल ने 29 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 25 मार्च 2025 को किसी आरोपी ने फर्जी क्लोन चेक के माध्यम से उसके बैंक खाता से एक बड़ी रकम निकलवाने की धोखाधड़ी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

एक अन्य मामले में 10 फरवरी 2025 को शिकायतकर्ता मनीष कुमार वासी गांव धनाना ने साथ टेलीग्राम आईडी पर कुल 3 लाख 10 हजार रूपये की ठगी होने का मामला दर्ज किया गया था। 7 अप्रैल 2025 को मामले में साइबर पुलिस ने आरोपी राजस्थान के संजय कुमार को जोधपुर से गिरफ्तार किया था।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग लड़की को अगवा करने का आरोप

यमुनानगर। कोचिंग सेंटर में आई नाबालिग लड़की को एक युवक शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया। थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 17 वर्षीय लड़की कोचिंग सेंटर में जाती थी। सोमवार को भी उसकी लड़की सुबह आठ बजे कोचिंग सेंटर में गई थी। मगर इसके बाद वापस घर नहीं लौटी। लड़की के घर नहीं लौटने पर उसने तलाश शुरू कर दी। इस दौरान उसे पता चला कि उसकी लड़की को गांव बड़ी कांहड़ी निवासी सतीश कुमार शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### मंगल पांडे को शहीदी दिवस पर किया नमन

रादौर। दून पब्लिक स्कूल बुबका की ओर से मंगलवार को शहीद मंगल पांडे का शहीदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसीपल रेखा कांबोज के नेतृत्व में स्कूल के स्टाफ सदस्यों व बच्चों ने शहीद मंगलपांडे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

प्रिंसीपल रेखा कांबोज ने कहा कि शहीद मंगलपांडे का जन्म 19 जुलाई 1827 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नगवा गांव में हुआ था। वह अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी के बंगाल नेटिव इन्फैंट्री (बीएनआई) के 34वें सैन्य दल में एक भारतीय सिपाही के रूप में भर्ती हुए थे। मंगल पांडे भारतीय इतिहास में हुई पूर्व घटनाओं को जानने और ब्रिटिश अधिकारियों पर हमला करने के लिए अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी में शामिल हुए।

### मारपीट के आरोप में 13 युवकों पर केस दर्ज

यमुनानगर। गांव रायपुर शराब के ठेके के पास रंजिश के चलते दर्जन भर से अधिक युवकों ने गांव दौलतपुर निवासी उमेर को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद 13 आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उमेर ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी कुछ दिन पहले गांव टोडरपुर निवासी सोयब व नफीस के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लड़कों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर उसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। उमेर ने बताया कि एक अप्रैल को वह किसी काम से गाय रायपुर गया था। जब वह शराब के ठेके के पास पहुंचा तो आरोपी सोयब व नफीस ने अपने साथियों साहिल, अनिस, मासूम, दुसानी निवासी आदित्य, तिगरा निवासी आशिक व दिलदार, रायपुर निवासी विनय व हैप्पी, करेहड़ा निवासी चन्नी, टोडरपुर निवासी बिलाल उर्फ गुल्लू तथा अकालगढ़ निवासी असलम के साथ मिलकर उसे पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। मारपीट की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे मारने की धमकी दे फरार हो गए।

### ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से हुई व्यक्ति की मौत

यमुनानगर। बूडिया गुरूद्वारा के पास बीती रात ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव देवधर निवासी राहुल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका परिचित उनके गांव का ही 55 वर्षीय सतीश कुमार रात करीब आठ बजे घर लौट रहा था। जब वह पैदल बूडिया गुरूद्वारे के पास से आ रहा था तो तेज गति से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली चालक ने सतीश कुमार को टक्कर मार दी। जिससे सतीश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। कुछ देर रूकने के बाद आरोपी ट्रैक्टर-ट्राली चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल हो अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### शहर को स्वच्छ बनाने की सभी लें जिम्मेदारी

# मंत्री ने झाड़ू लगाकर की अभियान की शुरुआत, बोले, 'मैं हूं स्वच्छता प्रहरी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

शहर के औद्योगिक क्षेत्र स्थित सब्जी मंडी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित आगमन को लेकर विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया गया। इस दौरान शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने मंडी में झाड़ू लगाकर विशेष सफाई अभियान की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने सभी को हर साल सौ घंटे स्वच्छता के लिए देने की शपथ भी दिलाई।

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि मैं यमुनानगर में मंत्री के तौर पर नहीं, बल्कि स्वच्छता प्रहरी के रूप में आया हूं। स्वच्छता किसी अन्य व्यक्ति की जिम्मेवारी नहीं, यह हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। जिस तरह हम स्वच्छ रहने के लिए अपने शरीर को रोज साफ करते हैं, उसी तरह हम अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रख कर शहर को सुंदर बनाने की जिम्मेवारी लेनी चाहिए। निकाय मंत्री गोयल ने कहा कि स्वच्छता का काम हम सब मिलकर करें। ऐसा होने से शहर में बहुत बड़ा परिवर्तन सामने आएगा। स्वच्छता की यही मुहिम आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चला रहे हैं। हम सब मिलकर शहर को स्वच्छ बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यमुनानगर में स्वागत करें।

अभियान के तहत कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, मेयर सुमन बहमनी, नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा, अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार व निगम पार्षदों के साथ मिलकर सब्जी मंडी में झाड़ू लगाकर सफाई की और कचरे को अपने हाथों से उठाकर डस्टबिन के माध्यम से निगम के वाहनों में डाला। इसके अलावा उन्होंने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुरानी सब्जी मंडी की छात्राओं द्वारा निकाली गई स्वच्छता रैली व प्रधानमंत्री सेल्फी प्वाइंट का अवलोकन किया।


यमुनानगर। अभियान के तहत झाड़ू लगाते मंत्री विपुल गोयल व अन्य।

#### 12 साल बाद 14 अप्रैल को यमुनानगर में आ रहे मोदी

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगभग 12 साल बाद 14 अप्रैल को यमुनानगर में आ रहे हैं। जब नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, तब उन्होंने दिल्ली के लाल किले से स्वच्छ भारत बनाने का आह्वान किया था। इस सामाजिक संदेश को उन्होंने एक मुहिम एवं क्रांति बनाने का काम किया। कोई सोच नहीं सकता था कि देश में 12 करोड़ शौचालय बनेंगे। लेकिन यह काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को स्वच्छ बनाने के लिए करके दिखाया। उन्हीं के नक्शे कदम पर चलते हुए हरियाणा राज्य में लाखों शौचालय बनाकर प्रदेश को खुले में शौच मुक्त बनाने का काम हमारी सरकार ने किया। यमुनानगर में उनके स्वागत में हम सब मिलकर शहर को साफ व स्वच्छ बनाने में निगम प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने में नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं जो सराहनीय हैं। आने वाले दिनों में शहर की सफाई व्यवस्था में परिवर्तन देखने को मिलेगा।

### किसानों और मजदूरों के लिए रादौर व सरस्वती नगर में खुली कैंटीन

# महिला स्वयं समूहों द्वारा संचालित कैंटीन बनी आत्मनिर्भरता की मिसाल : राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने रादौर और सरस्वती नगर की अनाज मंडियों में अटल किसान मजदूर कैंटीनों का उद्‌घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य न केवल किसानों और मजदूरों को सस्ती दरों पर शुद्ध भोजन उपलब्ध कराना है। बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना भी है। ये कैंटीनें महिला स्व सहायता समूहों द्वारा संचालित की जा रही हैं। इस दौरान कैंटिंनों में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने भोजन का स्वाद चखा।

कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का सपना है कि राज्य का हर वर्ग चाहे किसान हो, मजदूर हो या जरूरतमंद सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हरियाणा की सभी 240 मंडियों में ऐसी कैंटीनें स्थापित की जाएंगी। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें लगातार महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य कर रही हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, विधवा एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना, कन्यादान योजना, महिला समृद्धि योजना और आपकी बेटी हमारी बेटी आदि योजनाओं से महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने मौके पर महिला समूहों की मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा यह केवल कैंटीन नहीं है। बल्कि महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण श्रमिकों की गरिमा को बढ़ाने का एक प्रयास है। उन्होंने अधिकारियों को साफ. सफाई बनाए रखने और ताजा भोजन परोसने के निर्देश दिए।


यमुनानगर। कैंटीन के उद्‌घाटन पर भोजन का स्वाद चखते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

#### 10 रूपये में किसानों व मजदूरों को मिलेगी भोजन की थाली



रादौर। मार्केट कमेटी रादौर व हरियाणा आजीविका मिशन की ओर से रादौर की अनाजमंडी में अटल किसान मजदूर कैंटीन की शुरुआत की गई। कैंटीन का शुभारंभ कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने रिबन काटकर व दीप प्रज्जवलित करके किया।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि अनाजमंडी में किसानों व मजदूरों के लिए 10 रुपये में भरपेट भोजन के लिए कैंटीन का शुभारंभ किया गया है। किसान अपनी फसल को बेचने के लिए अनाजमंडी में आता है। फसल न बिकने की स्थिति में किसान भूखा रहकर अपनी फसल की रखवाली करता है। कैंटीन खुलने से किसानों व मजदूरों को मात्र 10 रुपये में भोजन की थाली उपलब्ध करवाई जाएगी। मार्केट कमेटी की ओर से यह सराहनीय कदम है। वहीं हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं ने इस मुहिम में अपना पूरा सहयोग किया है। जो बधाई के पात्र हैं।

# रादौर में आढ़तियों ने हवन करके सुख शांति की कामना की, भंडारा लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर

अनाजमंडी एसोसिएशन रादौर द्वारा गेहूं की फसल के आगमन पर मंडी परिसर में लोगों की सुख शांति के लिए वार्षिक हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में आहुति डालकर मंडी एसोसिएशन की ओर से आढ़तियों व किसानों की सुख समृद्धि के साथ साथ अच्छी फसल की कामना की गई। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

मंडी प्रधान बलिंद्र सिंह ढिल्लो ने कहा कि हर वर्ष फसल मंडी में पहुंचने की खुशी में व समाज की सुख शांति की कामना को लेकर भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें सभी आढ़ती अपना बढ़ चढ़कर सहयोग करते हैं। मंडी में फसल पहुंचने पर आढ़ती, किसान व मजदूर सभी खुश होते हैं। इस अवसर पर पूर्व प्रधान संजय गुप्ता, राजपाल खरकाली, रामकुमार झगुडी, संदीप टोपरा, रमेश पलाका, मास्टर निरंजन सिंह, अभिषेक आहुजा, पवन गर्ग, रवि सैनी, बंसी सैनी, सुरेंद्र कुमार, मोहन सैनी, दिलावर , लाभ सिंह मौजूद रहे।


रादौर। हवन में आहुतियां अर्पित करते हुए आढ़ती व किसान।

# नई शिक्षा नीति में छात्राओं की इंटर्नशिप जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर के फैक्लिटी डवलेपमेंट सेल के तत्वावधान में टीचर्स के लिए एफडीपी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को इंटर्नशिप करवाने के प्रति जागरूक किया गया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर व फैक्लिटी डवलेपमेंट सेल कनवीनर डॉ. मीनाक्षी सैनी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान वाणिज्य विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर निषी ग्रोवर व गणित विभाग अध्यक्ष कनिका गोयल ने नई शिक्षा नीति पर अपने विचार व्यक्त किए।

कॉलेज प्राचार्या डॉ. सुरिंद्र कौर ने कहा कि प्रथम व द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए इंटर्नशिप जरूरी है। जिसके लिए यूनिवर्सिटी की ओर से नई गाइडलाइन जारी की गई है। गाइडलाइन के मुताबिक सभी छात्राओं की इंटर्नशिप करवाई जाएगी। इंटर्नशिप का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को स्वावलंबी बनाकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने टीचर्स से आह्वान किया कि वे क्वालिटी एजुकेशन पर ध्यान दें। छात्राओं को थ्यूरी के साथ प्रैक्टिकल नॉलेज भी प्रदान करें। उन्हें लेटेस्ट टेक्नालॉजी के बारे में बताएं। पढ़ाई के साथ इंटर्नशिप छात्राओं के करियर में मील का पत्थर साबित होगी। मौके पर वाणिज्य विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर निशी ग्रोवर ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत इंटर्नशिप को कैरिकुलम का पार्ट है। अब सभी कक्षाओं के विद्यार्थी इंटर्नशिप करेंगे। किसी भी प्रकार के करियर को बनाने के लिए इंटर्नशिप बेहद जरूरी है। जबकि गणित विभाग अध्यक्ष कनिका गोयल ने कहा कि कॉलेज व इंडस्ट्री के वातावरण में काफी अंतर होता है। इंटर्नशिप के दौरान ही छात्राएं इंडस्ट्री के माहौल से मुखातिब हो सकेंगी। पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों को स्किल एजुकेशन देने के लिए इंटर्नशिप बेहद जरूरी है। ताकि वह स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो सकें। इंटर्नशिप के लिए छात्राओं के समक्ष बहुत सारे विकल्प हैं। वे जहां किसान से खेती की नई तकनीक सीख सकती हैं तो व्यापारी से बिजनेस गुर सीखकर अपना स्टार्टअप भी शुरू कर सकती है। अभिभावकों द्वारा चलाए जा रहे स्टार्टअप के साथ भी काम कर सकती हैं। इंटर्नशिप के दौरान टीचर सुपरवाइजर की भूमिका अदा करेंगें। जहां छात्राएं काम सीख रही हैं। वे मेंटर की भूमिका में रहेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में को कनवीनर मनिका सेठी ने सहयोग दिया।


यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित एफडीपी कार्यक्रम में जानकारी देते हुए वक्ता।

# वंशिका और सुखबीर एंड टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

गुरु नानक खालका कॉलेज यमुनानगर के विद्यार्थियों ने टिमट में आयोजित अंतरकॉलेज कॉम फिएस्टा-2025 उत्सव में क्रिएटिव कैंडिड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। मंगलवार को विजेता टीम का कॉलेज में जोरदार स्वागत किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने बताया कि गत दिवस शहर के टिमट शिक्षण संस्थान में अंतरकॉलेज कॉम फिएस्टा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें उनके कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि उत्सव में आयोजित क्रिएटिव कैंडिड प्रतियोगिता में उनके कॉलेज के समाज कार्य विभाग की छात्रा वंशिका व सुखबीर की टीम ने भाग लेने वाली 19 टीमों को पछाड़कर अपनी असाधारण रचनात्मकता और प्रस्तुति कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, इतिहास विभाग के बीए प्रथम वर्ष के छात्र आदित्य ने कॉर्पोरेट बिंगो प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियां हमारे विद्यार्थियों की जीवंत प्रतिभा और अकादमिक उत्कृष्टता के साथ साथ समग्र विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह ने प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को बधाई व शुभकॉमनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारे संस्थान के विद्यार्थी विभिन्न मंचो पर जीत दर्ज कर हमें गौरवान्वित कर रहे हैं। इस अवसर पर आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. कैथरीन मसीह, डॉ. निधि महेंद्रु, प्रो.मनीषा, प्रो. शिल्पी इतिहास विभाग के प्रमुख डॉ. अनुराग व समाज कार्य विभाग के प्रमुख डॉ. साहिब सिंह ने विजेताओं को बधाई व शुभकॉमनाएं दी।


यमुनानगर। विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए स्टाफ सदस्य।

# रेलवे लाइन पार करते समय हुआ हादसा ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

शहर के गांधी नगर रेलवे फाटक के पास रेलवे लाइन पार करते समय टेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार राजकीय रेलवे पुलिस के जांच अधिकारी राजेंद्र कुमार और रजनी ने बताया कि दोपहर को रेलवे मीमो के माध्यम से सूचना मिली थी कि गांधी नगर रेलवे फाटक के पास एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ की। मृतक की पहचान चांदपुर निवासी 43 वर्षीय राजेश गिरि के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि मृतक राजेश कपड़े की कंपनी में काम करता था। सके परिवार के में चार बेटे व एक बेटी है। राजेश को ऊंचा सुनाई देता था। जब वह रेलवे लाइन पार करने लगा तो उसे ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं दी। जिससे उसकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है।


यमुनानगर। गांधी नगर रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत के मामले में कार्रवाई करती पुलिस।

### ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने किया दौरा

# औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण से होता है विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नाचरौन(रादौर) के विद्यार्थियों ने मोहाली स्थित संसेशन सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण किया। औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण के दौरान ग्लोबल इंस्टीट्यूट के बीटैक व बीसीए विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को कंपनी की कार्यप्रणाली, प्रौद्योगिकी और उत्पादन प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। संस्थान निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने बताया कि औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक औद्योगिक स्थितियों का अनुभव कराना रहा और उन्हें उनके क्षेत्र में उन्नति के लिए प्रेरित करना था। उन्होंने कहा कि औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण करने से विद्यार्थियों का उद्योगों की वास्तिविक स्थिति के बारे में ज्ञान बढ़ता है। मौके पर कंपनी की एचआर राजवंत कौर ने विद्यार्थियों को कंपनी के विभिन्न विभागों तकनीकी, विपणन व उत्पादन क्षेत्र आदि का का भ्रमण करवाया। इस दौरान बीटैक व बीसीए के विद्यार्थियों ने एचटीएमएल, सीसीएस, जावा स्क्रिप्ट एवं वेब डेवलेपमेंट के विषय में जानकारी हासिल की।

बीबीए के विद्यार्थियों को बिजनेस एक्सपेंशन और डिजिटल मार्केटिंग जैसे विषयों के बारे में गहनता से समझाया गया। जिससे वे उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग करके व्यवसायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बना सकते हैं। ग्लोबल इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने इस औद्योगिक यात्रा को अत्यंत लाभकारी बताया और इसके लिए संसेशन सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षकों और छात्रों ने औद्योगिक क्षेत्र में संभावनाओं और अवसरों के बारे में भी अपने विचार सांझा किए। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर बृजभूषण ने बताया कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यावश्यक हैं। संसेशन सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड ने भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बनाई है। ताकि विद्यार्थियों को उनके पेशेवर जीवन के लिए तैयार किया जा सके।


यमुनानगर। ग्लोबल शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान मोहाली स्थित कंपनी में औद्योगिक स्थितियों से अवगत करवाते कंपनी अधिकारी।

# रोटेरियन मनमीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ रोटिरियन के खिताब से नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर

रोटरी क्लब रादौर की ओर से रोटेरियन मनमीत सिंह को 2024-25 का सर्वश्रेष्ठ रोटेरियन का खिताब दिया गया है। रोटेरियन मनमीत सिंह ने सर्वश्रेष्ठ रोटेरियन का खिताब दिए जाने पर रोटरी क्लब रादौर के सदस्यों का आभार प्रक्ट किया है।

क्लब के प्रधान निर्मल सिंह व मुख्य सलाहकार डॉ. एससी सैनी ने रोटेरियन मनमीत सिंह को ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि मनमीत सिंह ने रोटरी क्लब के सभी प्रोजेक्टों में बढ़ चढ़कर भाग लिया। उन्होंने गत 23 फरवरी को अंतराष्ट्रीय रोटरी दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान किया व 20 युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। मनमीत ने तीन सौ से अधिक पौधे लगाकर वातावरण को हरा भरा रखने का सभी को संदेश दिया। स्वास्थ्य शिविर में भी मनमीत ने अपनी बेहतर सेवाएं प्रदान की है। इसके अलावा क्लब की ओर से उनके योगदान को लेकर कई बार सम्मानित किया जा चुका है।


यमुनानगर। खिताब को दिखाते हुए रोटेरियन मनमीत सिंह।

## खबर संक्षेप


कुरुक्षेत्र। ब्रांच का शुभारंभ करते पूर्व मंत्री सुभाष सुधा।

### आईसीआईसीआई बैंक की नई शाखा का उदघाटन

**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर 5 में आईसीआईसीआई बैंक की नई शाखा का मंगलवार को पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर ब्रांच के मैनेजर विरेंद्र कलेर, रिजनल हैड कुरुक्षेत्र कैलाश शर्मा, जोन हैड हरियाणा नॉर्थ रमन वालिया ने पूर्व मंत्री सुभाष सुधा का स्वागत किया। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, ब्रांच के मैनेजर विरेंद्र कलेर, रिजनल हैड कुरुक्षेत्र कैलाश शर्मा, जोन हैड हरियाणा नॉर्थ रमन वालिया, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, प्रो. विवेक शर्मा, कुंटिया प्रधान रजवंत कौर, अमित गुलाटी, राकेश मेहता, गगनदीप सिंह ने दीप प्रज्वलित किया।

### श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली में जागरण 10 को

**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि समस्त पिपली निवासियों के सहयोग से भगवती



जागरण चैत्र मॉस की त्रयोदशी नवरात्र वीरवार 10 अप्रैल 2025 को रात्रि 9 बज कर 30 मिनट से गायक विकास शर्मा एण्ड पार्टी द्वारा किया जाएगा। चौदस नवरात्र शुक्रवार 11 अप्रैल 2025 को यज्ञ 10 बजे एवं भंडारा दोपहर 12 बजकर 30 मिनट से मन्दिर परिसर में होगा।

### श्री कृष्ण कृपा मंदिर में भजन संध्या आयोजित

**पिहोवा।** महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन आशीर्वाद एवं प्रेरणा से कृष्ण कृपा परिवार द्वारा श्री कृष्ण कृपा मंदिर में सुरिंदर गुलाटी के सौजन्य से भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या का शुभारंभ विधि-विधान से माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना एवं पवित्र ज्योत प्रज्वलन से हुआ।

### 12 अप्रैल को डॉ अंबेडकर का जन्मदिन

**कुरुक्षेत्र।** श्रीगुरु रविदास सभा सुनेहडी खालसा द्वारा 12 अप्रैल को विश्व रतन बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का जन्म दिवस मनाया जा रहा है। सभा के प्रधान जगपाल ठेकेदार ने बताया कि गांव सुनेहड़ी खालसा में बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर का 134 वां जन्म दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा और जिसमें मुख्य अतिथि अनिल चौहान एक्सईएन पब्लिक हेल्थ, विशिष्ट अतिथि मोहनलाल एसएचओ, पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी रामकरण आदि मौजूद रहे।

## सरकार ने की प्रति सिलेंडर 50 रुपये की बढ़ोत्तरी

# घरेलू सिलेंडर के दाम में वृद्धि से महिलाओं में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से महिलाएं काफी रोष है। महिलाओं ने अपनी राय रखते हुए सिलेंडर की कीमत पर लगाम लगाए जाने की मांग की। साथ ही बताया कि सिलेंडर के दाम बढ़ने से रसोई का बजट बढ़ जाएगा। जबकि आमदनी कम हो रही है। ऐसे में सरकार को इस ओर कदम उठाना चाहिए। महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाने वाली नीतियों की मार से त्रस्त जनता पर सरकार ने रसोई गैस के दाम में प्रति सिलेंडर 50 रुपए की बेतहासा बढ़ौतरी करके एक और हमला कर दिया है। उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के दोनों प्रकार केग्राहकों के लिए गैस की कीमतों में वृद्धि की गई है। इससे हरियाणा में सामान्य उपयोगकर्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम के एल. पी. जी. सिलैंडर का भाव 812.50 रुपए से बढ़कर 862.50 रुपए हो जाएगा। उज्ज्वला योजना के तहत एल.पी.जी. उपभोक्तओं के लिए 14.2 किलोग्राम सिलैंडर की कीमत 503 से बढ़कर 553 रुपए हो जाएगी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बावजूद मोदी सरकार ने पैट्रोल और डीजल पर 2-2 रुपए प्रति लीटर उत्पाद बढ़ा दिया है।

### रसोई गैस के दाम में की गई बढ़ोतरी तुरंत कम की जाए : सुदेश

जन संघर्ष मंच हरियाणा की प्रांतीय महासचिव सुदेश कुमारी ने



बताया कि जन संघर्ष मंच हरियाणा रसोई गैस के दामों में की गई वृद्धि, सीएनजी के दाम में वृद्धि, हरियाणा में बिजली महंगी किये जाने तथा वैश्विक बाजार में कच्चा तेल सस्ता होने के बावजूद पेट्रोल -डीजल के दाम कम नहीं किये जाने का कड़ा विरोध करता है और मांग करता है कि रसोई गैस के दाम में की गई बढ़ोतरी तुरंत कम की जाए।

### आम आदमी को तबाह करने पर तुली सरकार :रीना वाल्मीकि

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय संयोजक



रीना वाल्मीकि ने बताया कि आम आदमी के प्रति सरकार की संवेदना खत्म हो चुकी है और आम आदमी को तबाह करने पर तुली है। डीजल, रसोई गैस की कीमत बढ़ाने में जुटी हुई है। रसोई गैस में बार-बार बढ़ोतरी कर रही है। रसोई गैस में बढ़ोतरी कर महंगाई का बोझ जनता पर डालना चाहती है

### सरकार ने महंगाई की आग में घी डालने का किया काम : मीना

कांग्रेस की जिला अध्यक्ष ग्रामीण मीना शर्मा ने कहा कि



रसोई गैस का दाम बढ़ा कर सरकार ने पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे लोगों को महंगाई की आग में झोंकने का काम किया है। गैस सिलेंडर में बढ़ोतरी के बाद खाना पकाना और भी महंगा हो जाएगा। केंद्र सरकार ने महंगाई की आग में घी डालने का काम किया है।

### गैस चूल्हे होंगे बंद : तनुजा



इनेलो की महिला प्रदेशध्यक्षा तनुजा ने कहा कि सरकार दाल-रोटी महंगी कर अब आम लोगों के घरों का चूल्हा भी बंद कराना चाहती है। अगर रसोई गैस के दाम बढ़ते हैं तो कई गरीबों के घर के चूल्हे बंद हो जाएंगे। सरकार को गरीब लोगों को ध्यान में रखकर फैसला लेने की जरूरत है। सरकार महंगाई आए दिन बढ़ा रही है। इससे महिलाओं में रोष है।

### रसोई का बिगड़ रहा बजट : सुनीता



नगर परिषद थानेसर की पूर्व प्रत्याशी सुनीता नेहरा ने बताया कि सरकार सिलेंडर का दाम बार बार बढ़ा रही है। इससे रसोई का बजट बिगड़ रहा है। अब सिलेंडर के चूल्हे को बंद करना पड़ेगा। मिट्टी के चूल्हों को दोबारा शुरू करना होगा। आय तो कम है, लेकिन महंगाई आए दिन बढ़ रही है। सरकार को इस महंगाई को रोकने की जरूरत है।

# समाज के लिए ज्योतिबा फुले का योगदान महत्वपूर्ण : डॉ. वीरेन्द्र

## कुवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि समाज के लिए ज्योतिबा फुले का योगदान महत्वपूर्ण था, और उनके विचार आधुनिक भारत को प्रभावित करते रहे। उन्होंने पारंपरिक जाति व्यवस्था को चुनौती दी और सामाजिक समानता और न्याय का आह्वान किया। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में महात्मा ज्योतिबा फुले चेयर, इतिहास विभाग द्वारा सत्य धर्म की ओर ज्योतिराव फुले, उनके सुधार आंदोलन और विरासत का मूल्यांकन विषय पर भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन अवसर पर बोल रहे थे। रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय, कलकत्ता से आए पैनलिस्ट प्रो. हितेन्द्र



पटेल ने कहा कि महात्मा उन्हें कहा जाता है जिनका मूल्य उनकी मृत्यु के बाद बढ़ जाता है। सत्य को लेकर जो धर्म बनेगा वही सत्यधर्म होगा। तकनीकी सत्र की अध्यक्षता करते हुए इंदिरा सूर्यवंशी, उस्मानिया यूनिवर्सिटी, हैदराबाद ने कहा कि गुलामगिरी से आजादी मिले तभी वास्तविक आजादी होगी नहीं तो हम वापिस उसी शोषणकारी समाज में पहुंच जाएंगे।

## फसल अवशेषों में आग लगाने वाले के खिलाफ अब सीधे दर्ज होगी एफआईआर

- आग लगाने पर 5 से लेकर 30 हजार का जुर्माना लगाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि रबी के सीजन में फसल अवशेषों में आग लगाने वाले के खिलाफ अब सीधी एफआईआर दर्ज की जाएगी। इस एफआईआर के साथ फसल अवशेषों में आग लगाने पर 5 हजार से लेकर 30 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया जाएगा। इस जिले में ब्लॉक स्तर पर निगरानी रखने के लिए टीमों का गठन किया जाएगा। अहम पहलु यह है कि हर ग्राम पंचायत को सुपर सीडर मशीन खरीदने का अनुरोध किया गया है। इसके साथ ही क्लस्टर लेवल पर बेलर की मशीने खरीदने के प्रोजैक्टर पर डीडीपीओ व बीडीपीओ काम करना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त नेहा सिंह मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में कृषि एवं कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित एक बैठक में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में रबी के सीजन में फसल अवशेषों में एक भी आगजनी की घटना सामने ना आए, प्रशासन लक्ष्य लेकर कार्य कर रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बीडीपीओ ब्लॉक स्तर पर और एसडीएम उपमंडल स्तर पर पूरी योजना तैयार करेंगे। इस योजना के तहत बीडीपीओ सुनिश्चित करेंगे कि हर ग्राम पंचायत सुपर सीडर मशीन खरीदे।उन्होंने कहा कि अगर किसानों को मशीनें उपलब्ध होगी तो आग लगाने की घटनाओं में निश्चित रूप से कमी आएगी।

### माता बाला सुंदरी मंदिर में विशाल जागरण कल

**पिहोवा।** मॉडल टाउन प्रीत विहार में स्थित जय मां बाला सुंदरी मंदिर का वार्षिक उत्सव समारोह 10 अप्रैल को बड़ी धूमधाम व श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए जनक राज सिंगला और नंबरदार वीरभान गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर मां भगवती का जगराता एवं भंडारा होगा। जिसमें अनेक प्रसिद्ध भजन गायक महामाई का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि रात्रि 8 बजे भंडारा, साढ़े नौ बजे ज्योति प्रचंड होगी। मां भगवती की सिंगला परिवार पर अपार कृपा है। परिवार की ओर से मंदिर में प्रतिवर्ष वार्षिक उत्सव आयोजित किया जाता है। जिसमें भारी संख्या में नगरवासी शामिल होकर पुण्य अर्जित करते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से धार्मिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

## भूमि के काबिज ग्रामीणों को मिलेगी रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पंचायती भूमि पर 20 वर्षों के काबिज ग्रामीणों को वर्ष 2004 के कलेक्टर दर के राशि का भुगतान करने पर भूमि की रजिस्ट्री करवाई जाएगी। सरकार की इस योजना का पात्रता पूरी करने वाले ग्रामीणों को लाभ दिया जाएगा। उपायुक्त ने डीआरओ का निर्देश दिए कि वो गांव में सर्वे कर ऐसे लोगों की पहचान करे और पात्रों को जल्द ही



एक साथ लाभ दें। ग्रामीण अंजू, दर्शना, रिम्पी ने रात्रि ठहराव के दौरान अपनी शिकायत में पंचायती भूमि की रजिस्ट्री करवाने की गुहार लगाई थी। उपायुक्त नेहा सिंह सोमवार को रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान गांव बीड मथाना के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ग्रामीणों को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर उपायुक्त नेहा सिंह व पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला का बीड मथाना के सरपंच देवी दयाल ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस रात्रि ठहराव कार्यक्रम में उपायुक्त नेहा सिंह ने 80 से ज्यादा समस्याएं सुनी और इनमें से अधिकतर समस्याओं का मौके पर समाधान किया।

### अब सप्ताह में दो दिन समाधान शिविर का किया जाएगा आयोजन

**थानेसर।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व बृहस्पतिवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि जिला स्तरीय समाधान शिविर लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर एसडीएम कार्यालय में आयोजित होंगे।

## शंख प्रक्षालन शारीरिक शुद्धि क्रिया 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय योग संस्थान गांव मिजार्पुर से एक किलोमीटर आगे नहर से 200 मीटर पहले ढ़ांढ़ रोड़ स्थित अपने योगाश्रम में कुरुक्षेत्र व निकट के योग जिलों के अपने अधिकारियों, कार्यकर्ताओं, साधकों व योग जिज्ञासु आम जनता के लिए शंख प्रक्षालन शुद्धि क्रिया रविवार, 13 अप्रैल को प्रातः 6 से 10 बजे तक करवाएगा। इस शुद्धि क्रिया को करने के इच्छुक


कुरुक्षेत्र। योगासन करते भारतीय योग संस्थान के कार्यकर्ता।

संस्थान के साधक शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025 तक अपना नाम अपने योग जिले के प्रधान अथवा मंत्री को नोट करवा दें जो अपने जिले के साधकों की कुल सूचना कृष्ण जिला प्रधान देवी दयाल सैनी को नोट करवा देंगे ताकि सभी के लिए गर्म पानी, नींबू, खिचड़ी इत्यादि की उचित व्यवस्था की जा सके। शंख प्रक्षालन क्रिया करने वाले साधक 12 अप्रैल को पानी अधिक पीएं। सायं काल का भोजन या तो न करें या शाम को ताजा फलों का रस पीएं अथवा सूर्यास्त के 1 घंटे तक हल्का व सुपाच्य भोजन करके रात्रि में पूरी नींद लें ताकि उनकी क्रिया भली भांति संपन्न हो सके।

### डॉ. आशीष अनेजा को संभाला केयू हेल्थ सेंटर के एसएमओ का पदभार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार केयू स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष अनेजा को तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केन्द्र के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी का



कार्यभार सौंपा गया है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने डॉ. आशीष अनेजा को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का स्वास्थ्य केन्द्र केयू परिवार के सभी सदस्यों की देखभाल के लिए समर्पित है। उन्होंने केयू स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं की भी सराहना की। केयू स्वास्थ्य केन्द्र के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष अनेजा ने इस कार्यभार को प्रदान करने के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में स्वास्थ्य केन्द्र में समय-समय पर निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श केन्द्र लगाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## निःशुल्क जांच शिविर में जांचा स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डॉ. वसुंधराज होम्योपैथी द्वारा नव उद्घाटित एडवांस होम्योपैथिक हेल्थकेयर सेंटर में विश्व होम्योपैथी सप्ताह का आयोजन किया गया। होम्योपैथी के जनक डॉ. हैनिमैन का जन्म दिवस 10 अप्रैल को देश-विदेश में वर्ल्ड होम्योपैथी डे के रूप में मनाया जाता है। उद्घाटन समारोह की शोभा ए.डी.जी. हरियाणा पुलिस हरदीप सिंह दुहून ने बढ़ाई। दुहून ने स्वास्थ्य शिविर में सहभागिता की और आयोजकों के



प्रयासों के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर की शुरूआत की गई, जो 6 अप्रैल से 12 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया जाएगा। शिविर के पहले दिन लगभग 100 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इसमें लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और होम्योपैथिक चिकित्सा के लाभों की जानकारी प्राप्त की।

### ईंट भट्टे पर रहने वाले बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य सामग्री और लेखन सामग्री का किया वितरण

**कुरुक्षेत्र।** रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा लाडवा सड़क पर स्थित मथाना के ईंट भट्टे पर रहने वाले बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य एवं लेखन सामग्री वितरित की गई।



इससे पूर्व भी रोटी बैंक झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को शिक्षा के प्रचार प्रसार में सहायता कर रही है। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा कुरुक्षेत्र के ऐसे स्थानों को चिन्हित किया है जहां पर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्र छात्राओं को लेखन सामग्री, पुस्तकें और अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित की जा रही हैं। आज रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश सैनी, उप प्रधान पंकज ठकराल, महासचिव कर्म चंद और रोटी बैंक के अंकेक्षक डॉ. एम एम सिंह ईंट भट्टों पर पहुंचे और स्कूल बैग एवं अन्य लेखन सामग्री वितरित की। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक का मुख्य कार्य भोजन वितरण, सूखा राशन वितरण, ऋतू अनुसार वस्त्र वितरण, पैरों के लिए चप्पल और जूते, स्वच्छता के लिए नहाने का साबुन, ब्रश आदि वितरण करना है।

## बाबा मान सिंह ने देश-विदेश में धर्म का किया प्रचार: बाबा मणि सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

गुरुद्वारा सचखंड ईशर दरबार जुरासी साहिब में चल रहे बरसी समागम के दूसरे दिन ढाडी कवि दरबार हुआ। इसमें कविशरी जत्थों ने संगत को गुरबाणी से निहाल किया। हजारों की संख्या में पहुंची संगत ने दिवंगत संत बाबा मान सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। संत बाबा मणि सिंह ने कहा कि बाबा मान सिंह ने देश-विदेश में धर्म का प्रचार किया। हजारों ऐसे परिवार हैं। जिनके बच्चों ने संत बाबा मान सिंह के प्रवचन सुनकर फिर से अमृत चखकर सिखी स्वरूप धारण किया। उन्होंने कहा कि संत महापुरुषों का कार्य भूले भटके लोगों को राह दिखाकर मानवता और सेवा सिमरन के मार्ग पर लाना है। सभी धर्म मानवता के कल्याण का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि संत बाबा मान सिंह द्वारा स्थापित ये संस्था सदैव समाज के भले के लिए कार्य करती रहेगी। प्रवक्ता जसबीर सिंह जस्सी ने बताया कि बुधवार 9 अप्रैल को श्री सहज साहिब के पाठ के भोग और संत समागम होगा। जिसमें देश-विदेश से पहुंचे संत महात्मा अपनी वाणी से संगत को गुरु चरणों से जोड़ेंगे। कार्यक्रम में दूसरे दिन निर्मल सिंह, बलविंदर सिंह, रणजीत सिंह, निशान सिंह सरपंच, लाडी समाना, बाबा सुरजीत सिंह, बाबा बलविंदर सिंह, जरनैल सिंह रंधावा आदि रहे।

**कार्यक्रम** डीएसबी इंटरनेशनल स्कूल के प्रथम नव शिक्षा सत्र शुरू होने पर किया हवन यज्ञ

# राष्ट्र एवं समाज की मजबूती तथा विकास के लिए अच्छी शिक्षा होना जरूरी : ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी

सुभाष सुधा ने इस मौके पर हरियाणा के सीएम सैनी की तरफ से भी शुभकामनाएं दी

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी का मानना है कि राष्ट्र एवं समाज की मजबूती तथा विकास के लिए अच्छी शिक्षा होना जरूरी है। अच्छी आधुनिक शिक्षा के साथ बच्चों में संस्कार, नैतिकता एवं आदर्श भी होने चाहिए। इसी उद्देश्य से सीबीएसई में लगातार देश के श्रेष्ठ स्कूलों में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले उत्तराखंड के ऋषिकेश के डीएसबी इंटरनैशनल स्कूल की भांति ही कुरुक्षेत्र के निवारसी में अत्याधुनिक इंटरनैशनल सुविधाओं से युक्त डीएसबी इंटरनैशनल स्कूल की स्थापना की गई है। निवारसी में डीएसबी इंटरनैशनल स्कूल के प्रथम नव शिक्षा सत्र प्रारम्भ अवसर पर विद्वान ब्राह्मणों द्वारा परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के सान्निध्य


कुरुक्षेत्र। डीएसबी इंटरनेशनल स्कूल में हवन यज्ञ में आहुतियां देते हुए गणमायजन।

में हवन यज्ञ किया गया। इस अवसर पर स्कूल में नव प्रवेश लेने वाले बच्चों के बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे। हवन यज्ञ के उपरांत विधिवत मंत्रोच्चारण के बीच पूज्य गुरु ब्रह्मलीन देवेंद्र स्वरूप ब्रह्मचारी की भव्य मूर्ति का अनावरण भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि ब्रह्मलीन गुरु देवेंद्र स्वरूप की देन है तथा परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी का श्रेष्ठ मार्गदर्शन है कि कुरुक्षेत्र में ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न राज्यों में श्री जयराम संस्थाएं शिक्षा के क्षेत्र में नाम रोशन कर रही हैं। अब ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने कुरुक्षेत्र में डीएसबी इंटरनैशनल स्कूल के नाम से कुरुक्षेत्र में एक बहुत बड़े स्कूल की स्थापना की है और कुरुक्षेत्र का यह स्कूल डीएसबी इंटरनैशनल स्कूल ऋषिकेश की भांति ही देश में नाम रोशन करेगा। सुभाष सुधा ने इस मौके पर हरियाणा के मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी की तरफ से भी शुभकामनाएं दी। ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि किसान जिस प्रकार अपनी अच्छी फसल खुश होता है उसी प्रकार बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर आईएएस, आईपीएस, कर्नल, ब्रिगेडियर, डाक्टर व वैज्ञानिक बनते हैं तो माता पिता को खुशी होती है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, दिल्ली से ट्रस्टी राजेन्द्र गुप्ता, ऋषिकेश से विनोद अग्रवाल, ओपी बागला, अशोक शर्मा, दिल्ली से गोयल परिवार के विजेन्द्र गोयल, अंकिता गोयल, महेश मुनि, सुशील बंसल, पूर्व विधायक रमेश गुप्ता, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, उत्तराखंड के पूर्व मंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सीमा प्रताप सिंह इत्यादि सहित जयराम संस्थाओं के ट्रस्टी गण मौजूद रहे।

### शिक्षा ही बच्चे के जीवन में विकास एवं उपलब्धियां हासिल करने का श्रेष्ठ माध्यम

*प्रिंसिपल रेणु राघव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते कहा कि डीएसबी इंटरनैशनल स्कूल का बच्चों अंतर्राष्ट्रीय स्तर की बेहतरीन शिक्षा देने का प्रयास होगा। शिक्षा ही बच्चे के जीवन में विकास एवं उपलब्धियां हासिल करने का श्रेष्ठ माध्यम है। डीएसबी इंटरनेशनल स्कूल बहुत जल्द प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने किया। कार्यक्रम में जयराम विद्यापीठ के ट्रस्टी श्रवण गुप्ता, राजेंद्र सिंघल, केके कौशिक एडवोकेट, कुलवंत सैनी, खरैती लाल सिंगला, ईश्वर गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, पवन गर्ग, टेक सिंह लोहार माजरा, विनीत गर्ग, सुशील कंसल, यशपाल राणा, प्रवेश राणा, अशोक गर्ग, रजनीश गुप्ता, राजेश वधवा, विनोद शर्मा, प्रमोद कौशिक, रूप राम, निवारसी, बन, ब्राहन एवं अन्य गांवों के सरपंच, डीएसबी इंटरनैशनल स्कूल के वाइस प्रिंसिपल अरुण सैनी, कोऑर्डिनेटर रश्मि गौतम, कमल मलिक, जयराम शिक्षण संस्थानों के निदेशक एसएन गुप्ता, जयराम महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सुदेश रावल, जयराम बीएड कालेज की प्राचार्या डा. प्रतिभा श्योकंद, पोलिटेक्निक कालेज की प्राचार्या मनप्रीत, श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल की प्राचार्या अंजू अग्रवाल, जयराम सैनिक स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी सुरेश कुमार, जयराम विद्यापीठ के प्राचार्य डा. रणबीर भारद्वाज, आचार्य प्रतीक शर्मा, अरविंद सिंघल एडवोकेट, केसी रंगा, हरि सिंह, डा. अजय गोयल आदि मौजूद रहे।*

## खबर संक्षेप

### जीएमएन कॉलेज व्याख्यान का आयोजन

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज अंबाला कैंट के मनोविज्ञान विभाग, मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र और मानसिक स्वास्थ्य क्लब द्वारा 'परामर्श की आवश्यकता और नैतिकता की भूमिका' विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें 23 छात्रों ने भाग लिया था और मनोविज्ञान विभाग के लैब अटेंडेंट अनिल भी मौजूद रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिहाग ने तेजी से बदलते विश्व में परामर्श की आवश्यकता पर जोर दिया। कहा जहां व्यक्ति विभिन्न चुनौतियों और तनावों का सामना करते हैं। उन्होंने चिंता, अवसाद और संबंधों की समस्याओं जैसे मुद्दों को संबोधित करने के लिए परामर्श सेवाओं की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

### रोज़गार मेला 2025 का आयोजन

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के सहयोग से एक विशाल रोज़गार मेला 2025 का आयोजन आगामी 9 अप्रैल 2025 को सुबह 10:00 बजे से कॉलेज के मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी ब्लॉक में किया जाएगा। इस ड्राइव का आयोजन कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त के दिशा निर्देशन में किया जा रहा है । यह आयोजन एक रोजगार मेले के रूप में होगा जिसमें राज्य भर के अनेक कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्र भाग ले सकेंगे। यह मेला कॉलेज के 2023-24 और 2024-25 बैच के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए सुनहरा अवसर है।

### अग्निवीर भर्तीः 25 तक कर सकते हैं आवेदन

**अंबाला।** सेना भर्ती कार्यालय की ओर से जारी सूचना में कहा है कि भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए पंजीकरण 12 मार्च, 2025 से 10 अप्रैल, 2025 तक खोला गया था। अब पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 अप्रैल से बढ़ाकर 25 अप्रैल, 2025 कर दी गई है। छह जिलों अंबाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, पंचकूला और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के पुरुष उम्मीदवारों और हरियाणा, हिमाचल, दिल्ली और चंडीगढ़ की महिला उम्मीदवारों से अग्निवीर भर्ती के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# अनाज मंडियों में गेहूं की आवक ने पकड़ी रफ्तार, उपायुक्त ने किया मुआयना, कहा-किसान व आढ़तियों को नहीं होनी चाहिए कोई परेशानी

### मजदूरों की कैंटीन का भी लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मंगलवार को गेहूं खरीद कार्य को लेकर अंबाला शहर अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने मंडी में किसानों को दी जा रही सुविधाओं के साथ-साथ गेहूं की आवक की भी जानकारी ली। उन्होंने इस मौके पर गेहूं की ढेरी पर जाकर मोर्स्चर मीटर के माध्यम से गेंहू की नमी को भी चेक किया। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार, डीएफएससी अपार तिवारी, डीएम हैफेड देवेंद्र सिंह, डीएमईओ राजीव चौधरी, कार्यकारी अभियंता मार्केटिंग बोर्ड नवीन श्योरण, मंडी प्रधान मक्खन लाल गोयल, पूर्व प्रधान दूनी चंद, आढती गौरव गुप्ता, संजीव गर्ग, मार्केट कमेटी सचिव दलेल सिंह मौजूद रहे।

**अनाजमंडी का मुआयना करते उपायुक्त**



अंबाला। शहर अनाजमंडी का मुआयना करते डीसी अजय सिंह।

**आवश्यक दिशा-निर्देश दिए**

उपायुक्त ने मंडी का निरीक्षण करने से पहले मार्केट कमेटी के कार्यालय में आढती व अधिकारियों की बैठक लेते हुए गेहूं खरीद कार्य के तहत यहां पर जो व्यवस्था की गई है उसकी विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी में गेहूं खरीद के कार्य के साथ-साथ लिफ्टिंग का कार्य सुचारू रूप से चले, बारदाने की व्यवस्था, तिरपाल की व्यवस्था, रैक की व्यवस्था के साथ-साथ गेहूं खरीद कार्य बेहतर समन्वय के साथ होना चाहिए। किसानों व आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि लेबर, ट्रांसपोर्टर का टेंडर का कार्य भी जल्द कर दिया जाएगा।

**गेहूं खरीद कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

उन्होंने कहा कि आढ़ती मंडियों में तिरपाल की व्यवस्था के साथ-साथ किसानों के बैठने के साथ-साथ जो अन्य कार्य है उसे करें ताकि मंडी में सभी कार्य सुचारू रूप से चल सकें। उन्होने कहा कि सभी के समन्वय के साथ गेहूं खरीद का कार्य करवाना है। उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में खरीद एजेंसियों को यह भी स्पष्ट किया कि गेहूं खरीद कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इसलिए गेहूं खरीद का कार्य के साथ-साथ लिफ्टिंग का कार्य भी बेहतर तरीके से होना चाहिए।

**किसानों की पेमेंट 72 घंटे के अंदर होनी चाहिए**

किसानों की पेमेंट समयबद्ध तरीके से 72 घंटे के अंदर होनी चाहिए। इसके लिए भी सभी व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित होनी चाहिए। उपायुक्त ने मंडी के निरीक्षण के दौरान अटल किसान मजदूर कैंटीन का भी दौरा किया। यहां पर मजदूरों और किसानों के लिए भोजन की जो व्यवस्था उपलब्ध करवाई गई है उसका भी जायजा लिया। उन्होंने यहां पर किसानों व मजदूरों को दिन व रात के भोजन की व्यवस्था उपलब्ध है उसकी भी जानकारी ली।

### 14 प्रस्ताव सहमति से पारित, कांग्रेस सदस्य का विरोध दरकिनार

# नगर निगम की मीटिंग में बिना किसी विरोध के 178 करोड़ का बजट पारित

**सीएम आवास योजना के लिए जमीन का होगा चयन**

- अनुबंध कमेटी का नए सिरे से हो गठनः कांग्रेस सदस्य वर्मा
- हर वार्ड के विकास पर खर्च होंगे एक-एक करोड़ रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





अंबाला। नगर निगम के सदन की मीटिंग का दृश्य। फोटोः हरिभूमि

नगर निगम की मीटिंग में मंगलवार को 178 करोड़ का बजट सर्वसम्मति से पारित हो गया। कांग्रेस के निगम सदस्य मिथुन वर्मा ने बजट पर आपत्ति जताने का प्रयास किया लेकिन उनके विरोध का कोई असर नहीं हुआ। एक साल बाद हुई मीटिंग में मेयर शैलजा सचदेवा ने सहमति से बजट पारित होनेके तुरंत बाद ही मीटिंग खत्म करने का ऐलान कर दिया। सदन में भाजपा के पास पर्याप्त बहुमत है। इसी वजह से मीटिंग में किसी तरह का हंगामा नहीं हुआ। सदन में अब केवल कांग्रेस के पास तीन सदस्य बचे हैं। नगर निगम की ओर से बैठक के लिए मेयर शैलजा सचदेवा, सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा, डिप्टी मेयर राजेश मेहता समेत सभी 20 वार्डों के सदस्यों के साथ मनोनीत सदस्य भी आमंत्रित किए गए थे। अंबाला शहर के विकास कार्यों पर किए जाने वाले खर्च को लेकर बजट पर भी मंथन किया गया। मीटिंग के एजेंडे में प्रत्येक वार्ड में 1-1 करोड़ रुपए के विकास कार्य करवाने के प्रस्ताव को सदन में बिना किसी विरोध के पारित कर दिया गया। इसमें 75 लाख रुपए की लागत से नई सड़कों और 25-25 लाख रुपए की लागत से मरम्मत के कार्य प्रत्येक वार्ड में सदस्यों की अनुशंसा पर यह पैसा खर्च किया जाएगा। इसी क्रम में नगर निगम में सफाई कर्मचारियों की संख्या को बढ़ाने को लेकर भी चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने इस पर भी सहमति जताई है। ज्यादातर वार्डों में सफाई कर्मचारियों का भारी टोटा है। मीटिंग में कुल 14 प्रस्ताव पारित किए गए। मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने कहा कि यह उनका पहला बजट था। उन्होंने शहर के विकास के लिए 178 करोड़ रुपए का बजट सदन के सामने प्रस्तुत किया है। सभी सदस्यों ने बजट को ध्वनि मत से पारित कर दिया है। इस पर शैलजा सचदेवा ने कहा है कि अब शहर के सर्वांगीण विकास में तेजी आएगी। विकास कार्य ताफी तेज गति से चलेंगे। हर वार्ड में विकास और रिपेयर के कार्यों के लिए एक-एक करोड़ दिए जाएंगे।

**सीएम की नीतियों का विस्तार करने वाला बजट**

सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा और डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा की मेयर शैलजा संदीप सचदेवा द्वारा प्रस्तावित अंबाला नगर निगम का बजट नायब सैनी सरकार की नीतियों का विस्तार करने वाला बजट है। इस बजट से अंबाला शहर में सफाई और सुंदरता के साथ मूलभूत ढांचे का भी अच्छा विकास होगा। बजट से शहर के विकास को और तेजी मिलने की पूरी संभावना है।

**अनुबंध समिति दोबारा गठित होः वर्मा**

मीटिंग क दौरान कांग्रेस सदस्य मिथुन वर्मा ने बजट मीटिंग में कई ऐतराज उठाए। उन्होंने वित्त एवं अनुबंध समिति के पुनर्गठन का मुद्दा भी उठाया, लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया गया। नाराज मिथुन वर्मा ने इस प्रक्रिया को लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए कहा कि बिना चर्चा के निर्णय लेना जनप्रतिनिधियों का अपमान है।

**मीटिंग में रखे गए ये एजेंडे**

भाजपा के निगम सदस्य मनीष आनंद मन्नी ने बताया कि मीटिंग मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के लिए व कांवला में बनने वाले एसटीपी के लिए जमीन का चयन करने के साथ ही हरियाणा कौशल विकास के माध्यम से कर्मचारियों की सेवा अवधि 31 मार्च 2026 तक बढ़ाने पर भी विचार किया गया। इसके अलावा नगर निगम में कंप्रेस्ड बॉयोगैस प्लांट लगाने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।



अंबाला। महासम्मेलन के पोस्टर जारी करते हुए सैनी समाज के पदाधिकारी।

## दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय जागृति महासम्मेलन, सीएम करेंगे शिरकत

- महासम्मेलन में 14 राज्यों से हजारों की संख्या में सैनी समाज के लोग भाग लेने के लिए दिल्ली पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज की एक बैठक मंगलवार को अंबाला छावनी में जिला प्रधान सतीश सैनी की अध्यक्षता में संपन्न की गई। इस बैठक में पहुंचे ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष नवनीत सैनी का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष नवनीत सैनी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आगामी 13 अप्रैल को दिल्ली में ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज की ओर से राष्ट्रीय जागृति महासम्मेलन आयोजित होने जा रहा जिसका निमंत्रण देने के लिए वह हरियाणा के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस महासम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उनके साथ अति वशिष्ठ के रूप में यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कार्यक्रम भी इस महासम्मेलन में विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। उद्घाटन महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री छगन भुजबल द्वारा किया जाएगा। महासम्मेलन का ध्वजारोहण उपेंद्र कुशवाहा द्वारा किया जाएगा। राष्ट्रीय जागृति महासम्मेलन की अध्यक्षता ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी के द्वारा की जाएगी। प्रदेशाध्यक्ष नवनीत सैनी ने बताया कि इस महासम्मेलन में 14 राज्यों से हजारों की संख्या में सैनी समाज के लोग भाग लेने के लिए दिल्ली पहुंचेंगे। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के सभी राज्यों के प्रदेशाध्यक्ष सभी जिलों में बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रधान सतीश सैनी को अंबाला की जिम्मेदारी सौंपी हुई है। प्रधान सतीश सैनी ने बताया कि इस महासम्मेलन को लेकर तैयारियां जारी है।

# शिक्षकों की रेगुलर भर्ती की मांग, सौंपा ज्ञापन

- भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा को टीचर्स ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा को ज्ञापन सौंपते हुए टीचर्स।

हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत जिला में कार्यरत टीचरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सुशील चौहान तंदवाल की अध्यक्षता में भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा को अपनी मांगों को लेकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपना मांगपत्र सौंपा। जिसमें उन्होंने जिलाध्यक्ष से रेगुलर अध्यापकों की भर्ती, पदोन्नति, रेशनलाइजेशन व ट्रांसफर से प्रभावित होने वाले एचकेआरएन के तहत पीजीटी व टीजीटी अध्यापकों को रिलीव न करने की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि सरकार उनको किसी भी नियमित अध्यापक के स्कूल में आ जाने पर उनको रिलीव कर देती है जोकि गलत हैं।

सभी टीचरों ने एक स्वर में मांग की कि नियमित अध्यापक भर्ती पदोन्नति, ट्रांसफर व रेशनलाइजेशन से कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत अध्यापक प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि उनको वर्तमान स्टेशन से तब तक रिलीव ना किया जाए। जब तक उनको अन्य रिक्त स्थानों पर समायोजित न किया जाए। इस मौके पर सुशील चौहान, प्रदीप, चेतना मितल, वंदना, आरती चौहान, पूनम, अमन,आदि मौजूद रहे।

## राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का 101 साल की उम्र में हुआ देवलोक गमन



**अंबाला।** ब्रह्माकुमारीज़ संस्था की प्रमुख और प्रसिद्ध राजयोगिनी दादी रत्नमोहिनी का सोमवार देर रात अहमदाबाद के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके पार्थिक शरीर को शांतिवन लाया गया है। मुख्यालय शांतिवन के कांफ्रेंस हाल में अंतिम दर्शनार्थ रखा जाएगा। 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। अंबाला सब ज़ोन की डायरेक्टर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने बताया कि दादी जी मात्र 12 वर्ष की आयु में ही ब्रह्माकुमारीज से जुड़ीं थी। उन्होंने पूरा जीवन समाज कल्याण में समर्पित कर दिया। दादी का अंबाला सेवाकेंद्र पर हुए आगमन का अनुभव बताते हुए दीदी ने कहा दादी के सानिध्ये में शीतलता, शांति व सरलता थी। दादी ने हम सबके दिलों में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। 101 वर्ष की आयु में भी दादी की दिनचर्या अलसुबह ब्रह्ममुहूर्त में 3.30 बजे से शुरू हो जाती थी। सबसे पहले वह परमपिता शिव परमात्मा का ध्यान करती थीं।



### मात-पिता मंदिर में 'मात-पिता पूजन' 10 को

**चंडीगढ़।** मोहाली जिले के बनूड़-अंबाला रोड पर खल्लौर गांव में दुनिया के पहले और एकमात्र निर्माणाधीन मात-पिता मंदिर में 10 अप्रैल को 'मात-पिता पूजन दिवस' धूमधाम से मनाया जाएगा। स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि जी महाराज मुख्य अतिथि होंगे, जबकि वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जाजू विशिष्ट अतिथि होंगे। एसबीएस और हारमनी ग्रुप ऑफ कॉलेज के अध्यक्ष धर्मपाल बंसल और अग्रोहा विकास ट्रस्ट पंजाब के मुख्य संरक्षक शाम लाल सिंगला विशेष अतिथि होंगे। मंगलवार को यहां पत्रकार वार्ता के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए माता-पिता गोधाम महातीर्थ के संस्थापक गोचर दास ज्ञान चंद वालिया ने बताया कि इस अवसर पर अखिल भारतीय गौ कथा वाचक के चंद्रकांत अपने प्रेरणादायी विचार साझा करेंगे तथा भजन गायक प्रवीन वाधवा अपने मधुर भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

**विजेता छात्रों के साथ शिक्षक**



### एमए अंग्रेजी की उमंग शर्मा ने मारी बाजी रामराज व शिखा दूसरे स्थान पर रही

**अंबाला।** गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 23 छात्रों ने भाग लिया। प्रिंसिपल डॉ देशराज बाजवा ने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष डॉ अंजू जगपाल व अन्य स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी रचनात्मकता व भाषाई कौशल को निखरते हैं। उन्होंने विजेताओं को सर्टिफिकेट भी वितरित किए। डॉ अंजू जगपाल ने बताया कि प्रतियोगिता में डॉ. पूजा गोयल,प्रो. रेखा व प्रो. सरोज ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रो. सुनील कुमार ने मंच संचालन किया। प्रतियोगिता में एमए अंग्रेजी की उमंग शर्मा ने प्रथम,रामराज सिंह शिखा राज दूसरे व मिली व मोतिका तीसरे स्थान पर रही।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**कैंप**

### डीसी ने एसोसिएशन की गतिविधियों को सराहा, कहा-हर स्वस्थ व्यक्ति को करना चाहिए रक्तदान

# डिप्लोमा इंजीनियरिंग एसोसिएशन के शिविर में 201 कर्मियों के साथ युवाओं ने किया रक्तदान

**शिविर में सभी के सहयोग से 201 यूनिट रक्त एकत्रित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि रक्त की पूर्ति केवल मानव शरीर से ही संभव है। रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान है। जो भी व्यक्ति रक्तदान करता है, वह रक्त जरूरतमंद व्यक्ति के शरीर मे जाता है। रक्तदान करके हम कई जिंदगियों को बचा सकते हैं। उपायुक्त मंगलवार को डिप्लोमा इंजिनियरिंग एसोसिएशन द्वारा पंचायत भवन अंबाला शहर में पांचवें मेगा रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। इस मौके पर उपायुक्त ने डिप्लोमा इंजीनियरिंग एसोसिएशन द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस शिविर में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा रक्तदान के इस महान कार्य को सफल बनाया है। उपायुक्त ने इस मौके रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया तथा रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं से बातचीत की। अधिकतर रक्तदाता ऐसे थे जोकि पिछले कईं वर्षों से रक्तदान के इस कार्य में अपनी आहुति डाल रहे हैं। उपायुक्त ने यह भी कहा कि एसोसिएशन द्वारा रक्तदान के साथ-साथ पौधरोपण के जो कार्य किए जाते हैं वह भी काफी सराहनीय है। एसोसिएशन को उनकी जो भी आवश्यकता होगी वह हमेशा उनके साथ है। उन्होंने आयोजित रक्तदान शिविर में स्वेच्छा से रक्तदान करने वालो का भी तहे दिल से धन्यवाद किया। उपायुक्त ने आगे भी एसोसिएशन को इस तरह के सामाजिक कार्य को आगे भी निरंतरता में करने बारे प्रेरित किया। इस मौके पर इंजिनियरिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियो ने स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का स्वागत भी किया। डिप्लोमा इंजीनियरिंग एसोसिएशन के अंबाला जोन के प्रधान जसविंद्र सिंह ने उपायुक्त का यहां पहुंचने पर स्वागत करते हुए कहा कि कोरोना काल के बाद से ही यानि 2021 से एसोसिएशन लगातार हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन करती आ रही है।



अंबाला। रक्तदाताओं का बैज लगाते डीसी अजय सिंह तोमर। फोटोः हरिभूमि

**कर्मचारियों के साथ अन्य लोगों ने भी इस पुनीत कार्य में अपनी अहम भूमिका निभाई**

पिछले वर्ष 171 लोगों ने रक्तदान किया था। अबकी बार 200 से अधिक लोगों द्वारा रक्तदान किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि आयोजित शिविर में कर्मचारियों के साथ-साथ अन्य लोग भी आगे आकर रक्तदान के इस पुनीत कार्य में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। शिविर में विभिन्न विभाग जैसे सिंचाई विभाग, पंचायती राज, पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर), मर्केट कमेटी, पब्लिक हेल्थ तथा अन्य विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इस रक्तदान शिविर में सभी के सहयोग से 201 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जोकि सिविल अस्पताल अंबाला कैंट के ब्लड बैंक में भेजने का काम किया गया। इस मौके पर डिप्लोमा इंजिनियरिंग एसोसिएशन के उप प्रधान दीपक बत्रा, सीनियर वाइज प्रधान सुखबीर सिंह, सचिव जगदीप सिंह, कार्यकारी अभियंता पंचायती राज जिले सिंह, जेई ललित कौशल भी मौजूद रहे।

URGENTLY REQUIRED
THE POSTAL AND RMS EMPLOYEES CO-OPERATIVE BANK LTD
Located At 6070/10, 14 Idgah Road, Ambala Cantt (133001)
ARMED GUNMAN
Candidates should be ex-servicemen holding a valid gun license and can expect a pay scale of Rs 15,000 - Rs 47,450/-.
Eligible candidates are invited for walk-in interviews on 29/04/2025 at 11:00 am at the Bank Premises
Sd/- CHIEF EXECUTIVE OFFICER